अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

रजि.न.34300/80 संख्या 170 श्री विजय पुरम, शनिवार, 27 जून 2026 web: dt.andamannicobar.gov.in 2.00 रुपए

खेत बचाओ अभियान : होप टाउन में सतत कृषि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्री विजय पुरम, 26 जून

आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई), आईसीएआर–कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), दक्षिण अण्डमान, यूटी–एटीएमए तथा कृषि निदेशालय, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा 25 जून, 2026 को होप टाउन ग्राम पंचायत भवन में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों के 20 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य किसानों के सतत कृषि पद्धतियों संबंधी ज्ञान को बढ़ाना तथा फसल उत्पादन से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना था। आईसीएआर–केवीके, दक्षिण अण्डमान के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) तथा सब्ज़ी एवं बागान फसलों के लिए उन्नत कृषि पद्धतियों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने किसानों के साथ संवाद भी किया तथा उनके खेत–स्तरीय मुद्दों का समाधान किया।

आईसीएआर–सीआईएआरआई के उद्यानिकी एवं फसल सुधार प्रभाग के प्रमुख डॉ. राज नारायण ने द्वीपसमूह की कृषि–जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक सब्ज़ी खेती पद्धतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उत्पादकता एवं लाभप्रदता बढ़ाने हेतु उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी।

आईसीएआर–केवीके, दक्षिण अण्डमान के विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप संरक्षण) श्री मोहित ने सब्ज़ी एवं बागान फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) पर जानकारीपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आईसीएआर–सीआईएआरआई के वैज्ञानिक (कृषि रसायन) डॉ. अर्कदेब मुखोपाध्याय ने प्रतिभागियों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं पर्यावरण–अनुकूल कृषि पद्धतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री सी. मधु ने प्रतिभागियों को कृषि निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी तथा विभागीय भंडारों के माध्यम से गुणवत्तायुक्त कृषि आदानों की उपलब्धता के बारे में अवगत कराया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार एक खुला संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को अपनी उत्पादन संबंधी समस्याओं पर चर्चा करने तथा विशेषज्ञों से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का समापन फरारगंज खंड की एटीएमए की ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर (बीटीएम) सुश्री लिपिका राज बंशी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।